संभाषण प्रतियोगिता

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में दिनांक 03–09–2016 को अर्थशास्त्र विभाग के तत्वावधान में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता के कुशल दिशा निर्देशन में संभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसका विषय “बेटी बचाओ बेटी पढाओं”, “ स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत” तथा “स्मार्ट सिटी स्मार्ट एटिट्यूट स्मार्ट थिंकिंग” इत्यादि रहे. ऐसे कार्यक्रमों का उदेश्य विद्यार्थियों के चहुँ विकास के साथ साथ एक कुशल व दायित्व पूर्ण नागरिक तैयार करने का रहता है. कार्यक्रम का आरंभ दीपशीखा प्रज्ज्वलन के साथ हुआ. कार्यक्रम में निर्णायक मंडल के रुप में हिन्दी विभागाध्यक्षा डॉ0 रेणु माहेश्वरी एवं अंग्रेज़ी प्रवक्ता डॉ0 सारिका ने भूमिका निभाई. महाविद्यालय के प्रत्येक संभाग से विद्यार्थियों ने बढ–चढकर भाग लिया. संभाषण प्रतियोगिता में प्रत्येक प्रतिभागी को 5 से 6 मिनट अपने विचार व्यक्त करने का समय दिया गया. निर्णायक मंडल ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए हुए विजेताओं के नाम घोषित किए. जिसमे प्रथम पूजा शर्मा (एम.ए. अर्थशास्त्र), द्वितीय स्थान गोल्डी (बी.कॉम. प्रथम) तथा तृतीय स्थान पर डिम्पल (एम.ए. अर्थशास्त्र) तथा सांत्वना पुरस्कार ज्योति (बी.ए. प्रथम) व शिल्पी (बी.ए. तृतीय वर्ष) रहे. कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 मनोज शुक्ला, श्रीमती प्रतिज्ञा चौधरी, कु0 शुभ्रा व कु0 निशा एवं अन्य वरिष्ठ प्रवक्ता उपस्थित रहे. कार्यक्रम में एन.एस.एस. व वाई.आर.सी. के स्वयंसेवक व सेविकाओं का महत्व पूर्ण भूमिका रही.